तेरे नाम के पुजारी

आ गए मईया जी, तेरे नाम के पुजारी ॥
*छोड़ के दुनियाँ, सारी मईया, आए शरण तुम्हारी ॥
आ गए मईया जी, तेरे नाम के पुजारी ।

अब नहीं अच्छे, लगते दिल को, झंझट और झमेले ।
दया करो माँ, हमको चुनरी, की छाया में ले ले* ॥
*और परीक्षा, अब ना लेना ॥, सुन ले अर्ज़ हमारी,,,
आ गए मईया जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

दर्श दिखा के, दाती इन, अखियों की प्यास बुझा दे ।
रख अपने, दरबार में और यह, जीवन सफ़ल बना दे* ॥
*जगमग जगमग, भवन की शोभा ॥, लगती कितनी प्यारी,,,
आ गए मईया जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

हम पे आज, लुटा दे अपना, भक्ति भरा खज़ाना ।
अपनी ममता, दे के माँ, होने का धर्म निभाना* ॥
*हर एक गलती माफ़ करो माँ ॥, तूँ है बख्शनहारी,,,
आ गए मईया जी,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23672/title/tere-naam-ke-pujari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |